कार्यालय महानिदेशक कारागार हरियाणा, पंचकूला

वालंटियर जेल वार्डरों का चयन

विज्ञापन संख्या :- दिनांक :-

एक वर्ष की नियमित अवधि के लिये अनुबंध आधार पर एक वर्ष के लिये हरियाणा राज्य की जेलों में वालंटियर जेल वार्डर नियुक्त करने के लिये भूतपूर्व सैनिकों / केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के लिये एक तय मानदेय जैसा कि नीचे दर्शाता है, 699 भूतपूर्व सैनिकों / केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल को निम्नलिखित निबन्धनों तथा शर्तों पर लिया जाएगा :-

1. भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिकों / केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल जिनकी आयु 25 से 50 वर्ष के बीच हो और जिन्हें अनुशासनहीनता, कदाचार या चिकित्सा अस्वास्थ्यता के कारण सेवा से न हटाया गया हो, पात्र होंगे।
2. इस तरह के वालंटियर जेल वार्डर अनुबन्ध आधार पर केवल एक वर्ष की अवधि या नियमित उम्मीदवार के कार्यग्रहण की तिथि जो भी पहले हो, के लिये 18000/- रुपये मासिक मानदेय पर रखे जाएंगे। इस राशि को वालंटियर जेल वार्डर को नकद न देकर उनके बैंक खाते में जमा करवाया जाएगा।
3. वालंटियर जेल वार्डरों को भर्ती के समय दो जोड़ा वर्दी, एक जोड़ा जूते और अन्य आवश्यक वर्दी से सम्बन्धित वस्तुओं के लिये 3000/- रुपये केवल एक बार दिये जाएंगे।
4. वालंटियर जेल वार्डर जब सरकारी दौरे पर जाएगा तो उसके लिये 150/- रुपये प्रतिदिन यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता (टी.ए./डी.ए.) दिया जाएगा।
5. वालंटियर जेल वार्डरों को आकस्मिक अवकाश, जो हरियाणा जेल विभाग के जेल वार्डरों के लिए लागू हैं, प्रदान किया जाएगा। वह निम्नलिखित अनुग्रह राशि के लिये भी पात्र होंगे :-
   - क) ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर - 10 लाख रुपये।
   - ख) स्थाई विकलांगता पर - 1 लाख से 3 लाख रुपये तक।
   - ग) गंभीर चोट - 1 लाख रुपये तक।
6. वालंटियर जेल वार्डरों की भर्ती के समय कोई लिखित परीक्षा तथा शारीरिक मापतोल का आयोजन नहीं होगा। परन्तु निम्नलिखित शर्तों की पालना की जाएगी :-
   - क) सेना/केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सेवा कम से कम पांच वर्ष की होनी चाहिए।
   - ख) सेवानिवृत्ति के समय चिकित्सा ए श्रेणी होनी चाहिए। सेवानिवृत्ति के समय चरित्र प्रमाण-पत्र अनुकरणीय/प्रकृष्ट होना चाहिए।

इच्छुक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं अन्य सेवा सम्बन्धित प्रमाण-पत्र तथा उनकी प्रमाणित छायाप्रतियां, जन्मतिथि के समर्थन में, योग्यता, अनुभव, सैन्य अधिकारियों/केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा जारी सेवा निवृत्ति प्रमाण-पत्र तथा चार पासपोर्ट आकार के फोटो सहित नीचे दिये गये स्थानों पर सुबह 10:00 बजे पहुंचे। कई स्थानों पर रिक्तियों की अधिकता को देखते हुये सभी स्थानों पर साक्षात्कार हेतु दो दिन दिनांक 12.07.2020 व 15.07.2020 नियत की गई है।

नोट :- 1. जिला जेल रेवाड़ी व जिला जेल करनाल पर भर्ती उम्मीदवारों को प्रशासनिक अनिवार्य आवश्यकता के लिये अस्थाई ड्यूटी हेतु अन्य नजदीकी जेलों पर भी तैनात किया जा सकता है।

क्र. सं.	साक्षात्कार का स्थान	कुल वालंटियर जिनको अनुबंध आधार पर एक वर्ष के लिये रखा जाना है।
1.	केन्द्रीय जेल अम्बाला	30
2.	केन्द्रीय जेल-1 हिसार	97
3.	केन्द्रीय जेल-2 हिसार	03
4.	जिला जेल भिवानी	12
5.	जिला जेल फरीदाबाद	82
6.	जिला जेल गुरुग्राम	83
7.	जिला जेल झज्जर	03
8.	जिला जेल जीन्द	27
9.	जिला जेल कैथल	11
10.	जिला जेल करनाल	117
11.	जिला जेल कुरुक्षेत्र	9
12.	जिला जेल नारनौल	16
13.	जिला जेल पलवल	01
14.	जिला जेल पानीपत	47
15.	जिला जेल रेवाड़ी	118
16.	जिला जेल रोहतक	05
17.	जिला जेल सिरसा	07
18.	जिला जेल सोनीपत	04
19.	जिला जेल यमुनानगर	27
	कुल	699